आपको क्या जानने की आवश्यकता है:

COVID-19 वैक्सीनेशन, मास्क पहनना और सामाजिक दूरी

Connecticut Department of Public Health

13 मई, 2021 को Centers for Disease Control and Prevention (CDC, रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र) ने वैक्सीनेटिड लोगों में और गैर वैक्सीनेटिड लोगों में COVID-19 संक्रमण के बारे में डेटा जमा करने के आधार पर मास्क पहनने के लिए मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण बदलाव किए। गवर्नर Lamont ने यह भी घोषणा की कि 19 मई, 2021 को Connecticut के पूर्ण वैक्सीनेटिड निवासियों और आगंतुकों के लिए **मास्क पहनने के नियमों में ढील दी जाएगी।** एक व्यक्ति पूर्ण वैक्सीनेटिड तब होता है जब COVID-19 वैक्सीन की अंतिम खुराक के बाद 14 दिन (2 सप्ताह) बीत चुके होते हैं (यानि उनकी दूसरी Pfizer या Moderna खुराक या उनकी पहली Johnson & Johnson खुराक)।

जो हम पहले से जानते थे...

एकत्र की गई वैज्ञानिक जानकारी के आधार पर

जब COVID-19 वैक्सीन, जो वर्तमान में अमेरिका में उपयोग के लिए स्वीकृत हैं, विकसित किए जा रहे थे, **यह स्पष्ट था कि पूर्ण वैक्सीनेटिड लोग अगर उस वायरस से संक्रमित होते हैं जो COVID-19 का कारण बनता है (SARS-CoV-2), तो उनके गंभीर जटिलताओं से पीड़ित होने, अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु की संभावना बहुत कम थी।**

अब हम क्या जानते हैं...

अमेरिका और अन्य देशों में COVID-19 वैक्सीनेशन शुरू होने के बाद से एकत्र की गई नई जानकारी के आधार पर,

अब हम जानते हैं कि भले ही वे उन लोगों के संपर्क में हों जिन्हें COVID-19 है, वैक्सीनेटिड लोगों के संक्रमित होने की संभावना गैर वैक्सीनेटिड लोगों की तुलना में बहुत कम है और **यहां तक कि यदि वे संक्रमित हो जाते हैं, तो पूर्ण वैक्सीनेटिड लोगों में दूसरों को वायरस संचारित करने की संभावना कम होती है** (भले ही वे लोग गैर वैक्सीनेटिड हों)।

अधिक जानकारी के लिये, कृपया **ct.gov/covidvaccine पर जाएँ**

GET THE FACTS ON THE VAX

आपको क्या जानने की आवश्यकता है:
COVID-19 वैक्सीनेशन, मास्क पहनना और सामाजिक दूरी

वयस्कों और बच्चों के लिए इसका क्या अर्थ है...

सभी लोगों को (वैक्सीनेटिड या गैर वैक्सीनेटिड)

- स्कूल (प्री-K-12) या **चाइल्डकेयर सुविधा के अंदर मास्क** पहनना आवश्यक है।
- स्वास्थ्य सुविधा **(डॉक्टरों के कार्यालयों, अस्पतालों, आपातकालीन देखभाल सेटिंग्स, शारीरिक/ऑक्युपेशनल चिकित्सा** प्रदान करने वाली सेटिंग्स, और अन्य रोगी देखभाल सेटिंग्स सहित) के अंदर मास्क पहनना आवश्यक है।
- **जब वे सहायक निवास सुविधा या अन्य सामूहिक निवास सेटिंग (जैसे समूह निवासों और आवासीय देखभाल निवासों) के** अंदर हों, जब स्वास्थ्य देखभाल या अन्य सहायक सेवाएं प्रदान की जा रही हों, तब उनका मास्क पहनना अनिवार्य है। नर्सिंग होम्स को मास्क के उपयोग के लिए CMS आवश्यकताओं का पालन करना होगा।
- बेघर **आश्रयों या अन्य आश्रयों,** जैसे अस्थायी आश्रय के अंदर मास्क पहनना आवश्यक है।
- सुधार **केंद्रों या नजरबंदी स्थानों में मास्क पहनना आवश्यक है।**
- परिवहन स्थल, **जैसे हवाई अड्डे,** बस या ट्रेन स्टेशन, या **सार्वजनिक या निजी तौर पर किराए के परिवहन,** जैसे ट्रेन, बस, हवाई जहाज, या सवारी-साझाकरण सेवाओं (जैसे Uber, Lyft, टैक्सी) की सवारी करते समय मास्क पहनना अनिवार्य है।
- सभी लोगों को **मास्क पहनना अनिवार्य है यदि उन्हें किसी सार्वजनिक या निजी प्रतिष्ठान में ऐसा करने के लिए कहा जाता है,** यदि उनके नियोक्ता द्वारा उनके कार्यस्थल पर इसे आवश्यक किया जाता है, या जब आयोजक किसी भी कार्यक्रम में मास्क आवश्यक मानते हैं।

ऐसा इसलिए है क्योंकि:

- इन सेटिंग्स में उन लोगों के होने की अधिक संभावना हो सकती है जो **कम उम्र या स्वास्थ्य की स्थिति के कारण वैक्सीनेशन लेने में सक्षम** नहीं हैं।
- इन सेटिंग्स में उन लोगों के होने की **अधिक संभावना हो सकती है** जिन्हें संक्रमित होने पर गंभीर जटिलताओं का अत्यधिक जोखिम है।
- ये सेटिंग्स लोगों के लिए दूरी बनाए रखना और **कठिन बना सकती हैं** और इसमें गैर वैक्सीनेटिड और संक्रमित लोग शामिल हो सकते हैं।
- **मालिक या संचालक की प्राथमिकता,** लोगों में उचित दूरी बनाए रखे बिना या यह निर्धारित किए बिना कि व्यक्ति वैक्सीनेटिड है या नहीं, स्वास्थ्य रक्षा में सावधानी बरतने की हो सकती है।



अधिक जानकारी के लिये, कृपया
ct.gov/covidvaccine पर जाएँ

GET THE FACTS ON THE VAX

आपको क्या जानने की आवश्यकता है:

COVID-19 वैक्सीनेशन, मास्क पहनना और सामाजिक दूरी

Keeping Connecticut Healthy
DPH
Connecticut Department of Public Health

वयस्कों और बच्चों के लिए इसका क्या अर्थ है...

यदि वैक्सीनेटिड हैं...

- तो आप घर के अंदर और बाहर **बिना मास्क या सामाजिक दूरी** के सहज महसूस कर सकते हैं।
- **यदि वे COVID-19 संक्रमित व्यक्ति के** संपर्क में हैं और उनमें स्वयं कोई लक्षण नहीं हैं, तो उन्हें काम, स्कूल या अन्य लोगों से दूर रहने की आवश्यकता नहीं है।
- **यात्रा से पहले या बाद में** (जैसे, उनके काम के लिए), या जब वे किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आते हैं, जिन्हें COVID-19 है और उनमें स्वयं कोई लक्षण नहीं हैं, तो उन्हें नियमित रूप से टेस्ट करवाने की आवश्यकता नहीं है।

ऐसा इसलिए है क्योंकि:

- यहां तक कि अगर वे COVID-19 वाले किसी व्यक्ति के संपर्क में आते हैं, **तो भी उनके संक्रमित होने की संभावना बहुत कम होती है।**
- यहां तक कि अगर वे संक्रमित हो जाते हैं, तो **भी उनके बीमार होने** या गंभीर बीमारी होने की संभावना बहुत कम होती है।
- यहां तक कि अगर वे संक्रमित हो जाते हैं, तो **भी उनके किसी और को संक्रमित करने की संभावना कम होती है।**

यदि वैक्सीनेटिड नहीं हैं...

- तो घर के अंदर **मास्क पहनना अनिवार्य है।**
- जब वे **भीड़ में हों, किसी बड़े** कार्यक्रम में हों, या किसी सार्वजनिक स्थान पर हों, जहाँ दूसरों से दूरी बनाए रखना मुश्किल हो, तो उन्हें बाहर मास्क पहनना जारी रखना चाहिए।
- अगर वे **किसी COVID-19 संक्रमित व्यक्ति संपर्क** में आते हैं, तो उन्हें काम, स्कूल से क्वारंटाइन और अन्य लोगों से दूर रहना चाहिए।
- जब वे यात्रा करने से पहले और बाद में **COVID-19 संक्रमित किसी व्यक्ति के संपर्क में आते हैं,** और यदि वे एक स्क्रीनिंग जांच कार्यक्रम (जैसे, उनके काम के हिस्से के रूप में) का हिस्सा हैं, तो उन्हें टेस्ट कराते रहना चाहिए।

ऐसा इसलिए है क्योंकि:

- यदि वे COVID-19 संक्रमित किसी व्यक्ति के संपर्क में आते हैं, तो **उनके संक्रमित होने का खतरा होता है।**
- यदि वे संक्रमित हो जाते हैं, तो वे **गंभीर बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं** और संभवतः उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाना पड़ सकता है।
- यदि वे संक्रमित हो जाते हैं, तो वे **वायरस को अन्य लोगों में संक्रमित कर सकते हैं।**
- यदि वे संक्रमित हो जाते हैं तो वे **अन्य व्यक्तियों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं,** जो अभी तक वैक्सीनेटिड नहीं है या जो वैक्सीनेटिड नहीं हो सकते।

अधिक जानकारी के लिये, कृपया
ct.gov/covidvaccine पर जाएँ

GET THE FACTS ON THE VAX

आपको क्या जानने की आवश्यकता है:
COVID-19 वैक्सीनेशन, मास्क पहनना और सामाजिक दूरी

व्यवसायों के लिए इसका क्या अर्थ है...

व्यवसाय मालिकों और कार्यक्रम संचालकों को

- दफ्तर के अंदर या **बड़े इनडोर कार्यक्रम में या निजी सभा में जहां स्थान को निरंतर सामाजिक दूरी के लिए डिज़ाइन नहीं किया गया है, ग्राहकों के मास्क पहनने की आवश्यकता पर विचार करना चाहिए।** यदि विशेष रूप से आवश्यक नहीं है, तो यह संकेत देने वाले साइनेज **लगाने पर विचार करें कि गैर वैक्सीनेटिड ग्राहकों को मास्क पहनना आवश्यक है** और किसी भी ग्राहक को मास्क पहनने के लिए आमंत्रित किया जाता है यदि वे ऐसा करने में अधिक सहज हों।

- दफ्तर के अंदर या **बड़े इनडोर कार्यक्रम में या निजी सभा में ग्राहकों/सहभागियों के मास्क पहनने की आवश्यकता पर विचार करना चाहिए,** जहां वैक्सीनेटिड और गैर वैक्सीनेटिड (12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों सहित) दोनों के होने की संभावना है

- उपस्थित लोगों के **मास्क पहनने की आवश्यकता पर विचार करना चाहिए, जब बड़े बाहरी कार्यक्रम** जनता के लिए खुले हों और/या जहां बड़ी भीड़ होने की उम्मीद है और गैर-वैक्सीनेटिड लोग (12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों सहित) के उपस्थित होने की संभावना है।

- कर्मचारियों का **मास्क पहनना अनिवार्य करना चाहिए यदि वे वैक्सीनेटिड नहीं हैं** या उनके वैक्सीनेशन की स्थिति अज्ञात है और वे ग्राहकों या सहकर्मियों से निरंतर अलगाव नहीं रख सकते हैं।

- एक भवन के **अंदर या बड़े इनडोर कार्यक्रम या निजी सभा में स्थान को फिर से डिज़ाइन करने पर विचार करना चाहिए ताकि जब मास्क का उपयोग संभव या व्यावहारिक न हो (उदाहरण के लिए, खाने/पीने के दौरान या व्यायाम के दौरान) तो निरंतर सामाजिक दूरी** (या यहां तक कि विस्तारित दूरी) बनाई जा सके।

- अपने भवन के अंदर **सफाई/रोगाणुनाशन, हाथों की स्वच्छता और वेंटिलेशन के लिए, CDC की सिफारिशों को शामिल करने पर विचार करना चाहिए ताकि गैर वैक्सीनेटिड ग्राहकों और** कर्मचारियों के लिए सुरक्षा को अधिकतम बढ़ाया जा सके।

- यदि बड़े बाहरी कार्यक्रम को अंदर करना पड़े और गैर-वैक्सीनेटिड लोगों के (12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों सहित) उपस्थित होने की संभावना है तो कम क्षमता **(वैध टिकट धारकों को प्रवेश से इनकार करने सहित) के लिए योजना बनानी चाहिए।**

ऐसा इसलिए है क्योंकि:

- किसी व्यक्ति की COVID-19 वैक्सीनेशन स्थिति निर्धारित करने के लिए वर्तमान में कोई **सुविधाजनक, विश्वसनीय और सुसंगत तरीका नहीं है।**

- बहुत से लोग जो COVID-19 का कारण बननेवाले वायरस से संक्रमित होते हैं, उनमें **कोई लक्षण नहीं होते हैं, लेकिन वे वायरस को अन्य लोगों** में फैला सकते हैं, जो पूर्ण वैक्सीनेटिड नहीं हैं।

- भले ही Connecticut में सामुदायिक संक्रमण दर में गिरावट आ रही है, फिर भी राज्य में कई **कमजोर निवासी और समुदाय** हैं, जो पूर्ण वैक्सीनेटिड नहीं हैं और वे COVID-19 से गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं।

- व्यवसाय **और बड़े कार्यक्रमों के, जहां सार्वभौमिक मास्किंग का उपयोग नहीं किया जाता है, बहुत से लोग वैक्सीनेटिड नहीं हैं, और ग्राहकों, उपस्थित लोगों और कर्मचारियों के बीच उचित सामाजिक दूरी नहीं है, COVID-19 प्रकोपों का स्रोत होने का** निरंतर जोखिम बना हुआ है।

अधिक जानकारी के लिये, कृपया
ct.gov/covidvaccine पर जाएँ

GET THE FACTS ON THE VAX

Connecticut Department of Public Health